# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

ग्राम–भन्सरिया, पो०–उदयपुर, लखीमपुर–खीरी (उ०प्र०) 262701

पत्रांक 2944 M-48 / 132 दिनांक 09.09.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः–दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 09.09.2026 को "प्रकाशित खबर मोहम्मदी में पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क नहीं सुधारीः जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़क बरसात में दलदल बनी, ग्रामीण परेशान" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,


उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 09.09.2026 को प्रकाशित खबर दिलावरपुर (शिवनगरा) में पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क नहीं सुधारी जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़क बरसात में दलदल बनी, ग्रामीण परेशान"विकास खण्ड–मोहम्मदी ग्राम दिलावरपुर" के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। शेष 1553 राजस्व ग्रामों को पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित किये जाने हेतु जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 एवं वी0टी0एल0–गाजा (जे0वी0) को सूचीबद्ध किया गया है। उक्त एजेंसियों द्वारा 904 नग पाइप पेयजल योजनाओं के माध्यम से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1553 नग राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जाना लक्षित है। जिसमें नलकूप–942 नग, पम्प हाउस –942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी0, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–939 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 11519 किमी0, शिरोपरि जलाशय–484 नग, गृह जल संयोजन–547097 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1137 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड–मोहम्मदी की ग्राम पंचायत दिलावरपुर से सम्बन्धित हैं। दिलावरपुर पेयजल योजना का कार्य कार्यदायी एजेंसी मैसर्स एन0सी0सी लि0 द्वारा कराया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नलकूप–02 नग, पम्प हाउस–02 नग, वितरण प्रणाली 12.720 कि0मी0, शिरोपरि जलाशय 500 कि0ली0, स्टेजिंग 18 मी0 व गृह जल संयोजन 1363 नग प्रस्तावित हैं प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप 02 नग, पम्प हाउस 02 नग, वितरण प्रणाली 12.700 कि0मी0, शिरोपरि जलाशय गृह जल संयोजन 1260 नग का कार्य पूर्ण है। उक्त योजना में टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है। उक्त खबर का संज्ञान लेकर जूनियर

इंजीनियर श्री मनीष मौर्य द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि पाइपलाइन डालने हेतु खोदी गयी सड़क की पूर्व में मरम्मत करवा दी गयी थी। कुछ स्थानों पर जलभराव व बारिश के कारण सड़के पुनः क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिन्हें अति शीघ्र मरम्मत कराकर योजना के टेस्टिंग का कार्य कराते हुए नियमित जलापूर्ति की जाऐगी। C.I.R.P. के अनुसार उक्त योजना को पूर्ण कराने की लक्षित तिथि मार्च 2027 है।

सादर सूचनार्थ।

<u>फोटोग्राफ</u>




भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मै० एन०सी०सी०लि० को उक्त अवशेष कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण कराये जाने हेतु।

अधिशासी अभियन्ता

f:\kuldeep\manish sir je\mohamdi paper cutting.docx